आकाशवाणी भोपाल

**शाम के समाचार**

दिनांक 04.10.2024 समय: 7.10 PM

**मुख्य समाचार :-**

- केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- सरकार किसानों के लिए है समर्पित ।
- समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि अब 14 अक्टूबर हुई ।
- रतलाम में पुलिस ने पकड़ी 3 करोड़ रुपये की ड्रग्स।
- महिला टी-20 विश्व कप में आज भारत का मुकाबला अब से कुछ देर बाद न्यूजीलैंड से होगा।

**शिवराज भोपाल**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार ने दो नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इसी के अंतर्गत डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन का काम भी किया जाएगा। यह दो योजनाएं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना हैं। आज भोपाल में मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश भी बासमती चावल उत्पादित करता है। अभी बासमती चावल के निर्यात पर न्यूनतम समर्थन मूल्य समाप्त कर दिया गया है। इसी तरह प्याज की एक्सपोर्ट ड्यूटी 40 प्रतिशत से घटाकर 20 फीसदी की गई है। यह सारे फैसले इसलिए किए गए क्योंकि किसानों को इनके ठीक दाम मिल सके।

**खरीफ पंजीयन तिथि**

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 14 अक्टूबर तक कर दी गई है। पहले यह अवधि 4 अक्टूबर तक थी ।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिले और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तिथि बढ़ने से अधिक से अधिक किसान पंजीयन करवा सकेंगे और समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकेंगे।

**मंत्रिमंडल बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ पूरा मंत्री मण्डल और उच्च प्रशासनिक अमला कल का दिन दमोह के सिंग्रामपुर में बितायेंगे। यहां कैबिनेट बैठक के साथ सभी मंत्रीगण विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश की लाड़ली बहना योजना, उज्जवला योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि का अंतरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा मातृ शक्ति को पूर्ण सम्मान देते हुए स्वतंत्रता संग्राम, सुशासन, साहस जैसे क्षेत्रों में राष्ट्र के लिये योगदान के साथ प्राणोत्सर्ग करने वाली वीरांगनाओं, शासिकाओं की स्मृति को स्थायी बनाये रखने के लिये विविध प्रयास किए जा रहे हैं। पहले इंदौर में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई गई। अब रानी दुर्गावती के सम्मान में कल मंत्रि-परिषद की बैठक दमोह के सिंग्रामपुर में उनकी जयंती पर की जा रही है।

**शास्त्रीय भाषा**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को मंजूरी दी है। इन भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से इनके संरक्षण, अध्ययन और शोध को बढ़ावा मिलेगा। साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में पाली विकास बोर्ड के अध्यक्ष और कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ इसे गौरव का अवसर करार दिया है ।

**रतलाम ड्रग्स**

रतलाम पुलिस ने ड्रग माफियाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 3 करोड़ की ड्रग्स बरामद की है। यह प्रदेश में एमडी ड्रग के खिलाफ हुई अब तक की दूसरी बड़ी कार्यवाही है। रतलाम एसपी अमित कुमार ने बताया कि जिले के ताल थाना क्षेत्र के गांव निपानियालीला से मुंबई के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**मोगली बाल उत्सव**

स्कूल शिक्षा विभाग का मोगली बाल उत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आज से प्रदेशभर में प्रारंभ हो गई है। इसके पहले सितम्बर माह में शाला, जनशिक्षा केन्द्र और विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया जा चुका है। मोगली बाल उत्सव जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण का एक संदेश है। मोगली बाल उत्सव में स्कूल शिक्षा विभाग राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के संयोग से प्रतियोगिता आयोजित करता है। इनमें ट्रेकिंग, सफारी, क्विज, फिल्म और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजित किये जाते है। मोगली बाल उत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन पेंच अभ्यारण्य सिवनी में आयोजित होता है। यह आयोजन इस साल 7 और 8 नवम्बर को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।.

**मौसम**

प्रदेश में ग्वालियर-चंबल से मानसून की विदाई हो चुकी है जबकि 2-3 दिन में उज्जैन, इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम से भी मानसून विदा हो जाएगा। सबसे आखिरी में पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग से मानसून विदा होगा। बारिस का प्रभाव घटते ही गर्मी महसूस होने लगी है. आज भोपाल सहित कई शहरों में तीखी धूप रही. मौसम विभाग क कहना है कि कल से बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का क्षेत्र सक्रिय हो रहा है। इसका असर अगले एक-दो दिन में प्रदेश के पूर्वी हिस्से में दिखाई देगा इसलिए यहां मानसून की विदाई देरी से होगी।

**महिला विश्व कप**

महिला टी20 विश्व कप में आज भारत का मुकाबला अब से कुछ देर बाद न्यूजीलैंड से होगा। टीम इंडिया ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी दिग्गज टीमों के साथ एक कठिन ग्रुप में है। अपने दो अभ्यास मुकाबलों में जीत के साथ आत्मविश्वास हासिल कर चुकी भारतीय टीम टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। भारत 2020 संस्करण में उपविजेता रहा। न्यूजीलैण्ड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है।

**समाचार संक्षेप**

1. नीमच जिले में पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को मीजल्स एवं रूबेला का टीका लगाने के निर्देश दिए गए हैं ।

2. राजगढ़ में कलेक्टार डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में पदस्थ तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों की पदस्थांपना में फेरबदल किया है।

3. अशोकनगर में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से "शक्ति अभिनंदन अभियान" आयोजित किया जा रहा है।

4. नर्मदापुरम जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इस दौरान दो घरों में लार्वा पाए जाने पर दोनों पर 500 जुर्माना लगाया गया।

5. आगरमालवा जिले में विश्व पशु दिवस के अवसर पर आज पशु पालन विभाग द्वारा गौशालाओं में टीकाकरण अभियान चलाया गया।

6. शिवपुरी जिले में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास व प्रधानमंत्री जन मन योजना के आवास को लेकर जनपद सीईओ की एक बैठक ली।

7. मैहर जिले की मां शारदा नगरी मैहर में नवरात्रि मेला में अभी तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु मां शारदा देवी के दर्शन कर चुके हैं।

8. शहडोल के गांधी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला इंदौर की टीम ने जीत लिया है। इंदौर ने रीवा की टीम को 8 विकेट से हराकर पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता को जीता है।

---------------------